तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



13 शिक्षक संघ ने की जपं की तकनीकी सहायक की शिकायत





14 बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में मेहंदी की रस्म हुई




## खबर संक्षेप

### मुजगहन में मातृ-पितृ दिवस आज

**धमतरी।** जय छत्तीसगढ़ महतारी सेवा संस्थान द्वारा 14 फरवरी की सुबह प्राथमिक शाला मुजगहन में शहीदों की पुण्यतिथि एवं मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम रखा गया है।

### साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा की बैठक आज

**धमतरी।** लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक आज शनिवार को परिक्षेत्रीय भवन में रखी गई है। प्राप्त सामाजिक आवेदन पर विचार-विमर्श तथा आगामी कार्यक्रम पर चर्चा होगी। मोतीलाल साहू सचिव ने सामाजिक पदाधिकारियों से बैठक में समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### शंकरदाह में 17 को मड़ई मेला

**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह में 17 फरवरी मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेला को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच रंगसरोवर (बारुका) जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। लोकगीत और पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगे।

### भंवरमरा में 15 को मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम भंवरमरा चौक के बूढ़ादेव प्रांगण में 15 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में दर्शको के मनोरंजन के लिए छैला नाचा पार्टी ग्राम खैलटुकरी कुण्डा जिला कबीरधाम छग की प्रस्तुति होगी। तैयारी में क्षेत्रीय पाली के सोमनाथ ध्रुव, देवचंद ध्रुव, चंदन ध्रुव, चेतन नेताम, श्रीमती प्रेमलता ध्रुव, सरपंच श्रीमती रोमी ध्रुव, शिवप्रसाद ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, बूढ़ादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन मंडावी, सचिव तोषण कोर्राम, मानसिंग नेताम, रूपसिंह ध्रुव, चमरुराम ध्रुव, मन्नू, अशोक नागवंशी, सोमनाथ ध्रुव जुटे हुए हैं।

3480 राशन कार्ड तथा सदस्यों पर हुई कार्रवाई

# गरीब बनकर राशन लेने वाले सैकड़ों अमीरों का राशन कार्ड हुआ निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में आयकरदाता भी गरीब हैं। उन्हें हर महीने गरीबों को मिलने वाला राशन लेना पड़ रहा है। संदिग्ध राशन कार्डों की जांच में ऐसे हजारों लोग हैं जिनकी सालाना कमाई 6 लाख रूपये से अधिक है। कई सरकारी नौकरी करते हुए गरीबों का राशन डकार रहे थे। विभाग ने 92 हजार संदिग्ध राशन कार्डों में 87 हजार राशन कार्ड की जांच कर कार्रवाई की है।

जिले में बीपीएल के 2.33 लाख राशन कार्डों में से 92 हजार राशन कार्ड को सेंट्रल गवर्नमेंट ने संदिग्ध की सूची में रखा था जिसकी जांच के लिए राशन कार्डधारियों का आधार सीडिंग और ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया। विभागीय जानकारी के अनुसार 92 हजार 92 संदिग्ध राशन कार्डों में से 87334 राशन कार्डों की जांच की गई जिसमें 3480 राशन कार्ड तथा सदस्यों पर कार्रवाई की गई है। इनमें कई उपभोक्ता 6 लाख रूपये सालाना आय से अधिक कमाने वाले हैं। कई राशन कार्ड सरकारी नौकरी करने वालों के थे। इसमें मृत व्यक्ति तथा राशन का उठाव नहीं करने वाले लोग भी शामिल हैं।



### 2.33 लाख बीपीएल तथा 25 हजार एपीएल कार्ड

जिले में कुल राशन कार्डों की संख्या 2,61,665 है जिसमें बीपीएल अंतर्गत प्राथमिकता वाले राशन कार्डधारियों की संख्या 1,81,368 तथा अंत्योदय राशन कार्डधारियों की संख्या 54524, निराश्रित राशन कार्डधारियों की संख्या 484 तथा निःशक्तजनों राशन कार्ड की संख्या 461 है। वहीं एपीएल राशन कार्डधारियों की संख्या 24828 है। कुल 261665 राशन कार्डों में सदस्यों की संख्या 8 लाख 58 हजार 120 है।

### पांच हजार कार्डों की जांच शेष

जिले में कुल 92092 राशन कार्ड को संदिग्ध बताया गया था। आधार सीडिंग, ई-केवाईसी के माध्यम से 87334 राशन कार्डों की जांच में 3480 राशन कार्ड तथा सदस्यों का राशन निरस्त किया गया। 4758 राशन कार्ड की जांच कार्रवाई शेष है।

### आधार सीडिंग और ई-केवाईसी में समस्या

नगर के सुभाषनगर वार्ड निवासी चुरामन पटेल ने बताया कि 2 माह पहले आधार सीडिंग और ई-केवाईसी नहीं कर पाने वालों को राशन देना बंद कर दिया गया था। उनके परिवार में उसका तथा उनकी एक साल की बेटी का राशन मिलना बंद हो गया था। राशन दुकान और खाद्य विभाग का चक्कर लगाने के बाद उसकी बेटी के नाम से चावल मिलने लगा लेकिन उसे नहीं मिला। उन्होंने बताया कि उसका बायोमेट्रिक नहीं हो पा रहा था। राशन दुकान में बार-बार जाकर अपनी सभी 10 अंगुलियों का फिंगरप्रिंट कैच करवाया तब दो अंगुलियों का फिंगरप्रिंट कैच हुआ। जिस अंगुली का फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक हुआ उसी को अपडेट कराया तब फरवरी माह से राशन मिलने लगा है। उन्होंने बताया कि सुभाष नगर वार्ड की राशन दुकान में करीब 2 दर्जन लोग ऐसे हैं, जिनका आधार सीडिंग थ बायोमेट्रिक नहीं हो पा रहा है और वे राशन से वंचित हैं।

## फॉरेस्ट गार्ड पर अवैध वसूली का आरोप

- कमार परिवार ने वन विभाग को सौंपा ज्ञापन, जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

वन क्षेत्र में निवास करने वाले कमार परिवार के लोगों ने शुक्रवार 13 फरवरी को वन मंडल कार्यालय धमतरी में ज्ञापन सौंपकर एक फॉरेस्ट गार्ड पर कथित रूप से डराकर-धमकाकर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बगुड़ापारा बाजार कुर्रीडीह के जंगल क्षेत्र में रहने वाले कमार समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि जंगल से सूखी लकड़ी लाने तथा पारंपरिक आजीविका से जुड़े कार्यों के दौरान उन्हें कार्रवाई और जेल भेजने की धमकी देकर कथित रूप से रकम वसूली की गई। ज्ञापन में कुछ लोगों ने अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग राशि लिए जाने का भी दावा किया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है।

ज्ञापन देने वालों का कहना है कि वे जंगल पर निर्भर होकर अपनी आजीविका चलाते हैं और शासन द्वारा पारंपरिक गतिविधियों के संबंध में दी गई छूट के बावजूद उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी भी दी है।




इस संबंध में केरेगांव रेंज के रेंजर ओंकार सिन्हा ने बताया कि कमार परिवार द्वारा जिला कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सभी पक्षों के बयान लेकर तथ्यों के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। यदि आरोप निराधार पाए जाते हैं तो नियम अनुसार संबंधित पक्षों पर कार्रवाई की जा सकती है, वहीं आरोप सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण सड़क हादसा : हाइवा की टक्कर से कार चालक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्योति राइस मिल के पास गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार हाइवा ने सामने से आ रही वैगनआर कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार चालक भारत भूषण राजपूत की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुरूद निवासी भारत भूषण राजपूत गुरुवार शाम को अपने निजी काम से वैगनआर कार क्रमांक सीजी 04 जेडबी 3200 में सवार होकर ग्राम गाड़ाडीह गए थे। शाम करीब 6:30 बजे जब वे वापस अपने घर कुरूद लौट रहे थे, तभी ज्योति राइस मिल के पास यह हादसा हुआ। सूर्य नमस्कार चौक की दिशा से आ रहे हाइवा क्रमांक सीजी 05 एएल 9584 के चालक ने वाहन को लापरवाही और तेज रफ्तार से चलाते हुए कार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और भारत भूषण के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण उनकी मौत हो गई।



### पुलिस ने दर्ज किया मामला

मृतक के ममेरे भाई आशीष पवार ने कुरूद थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी हाइवा चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराएं 184, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने इस मार्ग पर भारी वाहनों की अनियंत्रित गति पर आक्रोश व्यक्त किया है और प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## रेत का अवैध परिवहन करते 3 हाइवा जब्त

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुरुद के मार्गदर्शन में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स ने राजपुर-उमरदा स्थित भारतमाला हाइवे मार्ग पर गश्त के दौरान 3 हाइवा वाहन को बिना वैध अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाया। टीम ने तीनों वाहनों को जब्त कर मंडी कुरुद की अभिरक्षा में सुपुर्द किया है। अब तक जिले में अवैध रेत परिवहन के कुल 48 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 61 वाहनों को जब्त कर लगभग 32 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व की हानि पहुंचाने वाले एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रात्रिकालीन गश्त को और सुदृढ़ किया जाए तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई करें।



## सांकरा ओव्हरब्रिज के नीचे सट्टा लिखते युवक पकड़ाया

- सट्टा-पट्टी सहित नकदी जब्त

**धमतरी।** सांकरा ओव्हरब्रिज के नीचे अंकों के आधार पर सट्टा लिख रहे युवक को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से सांकरा ओव्हरब्रिज के नीचे एक युवक द्वारा सट्टा नामक जुआ खिलाए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल सांकरा के लिए रवाना हुई। पुलिस ने ओव्हरब्रिज के नीचे घेराबंदी कर आरोपी दिनेश सोनवानी पिता भीखूराम उम्र 34 वर्ष ग्राम सांकरा थाना अर्जुनी निवासी को सट्टा-पट्टी के माध्यम से रूपये पैसों का दांव लगवाकर जुआ खिलाते रंगेहाथ पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 नग सट्टा-पट्टी व नकदी 3110 रूपये जब्त किए। अर्जुनी थाना में धारा 6(क) जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी दिनेश सोनवानी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।



## नाबालिग लड़के से अप्राकृतिक कृत्य करने का किया प्रयास

- आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**धमतरी।** एक युवक द्वारा नाबालिग लड़के से अप्राकृतिक संबंध बनाने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र का पूरन नायक बीते दिनों एक नाबालिग लड़के को बहला-फुसलाकर अपने साथ रूद्री रोड स्थित गर्ल्स कालेज की तरफ सुनसान जगह पर ले गया। यहां युवक ने नाबालिग के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का प्रयास किया। इसका नाबालिग ने काफी विरोध किया। काफी मशक्कत के बाद नाबालिग किसी तरह वहां से भागा और घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन तत्काल सिटी कोतवाली पहुंचे और घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पूरन के खिलाफ धारा 72(2) बीएनएस व पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्जकर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी को गुरूवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

मकर समेत अन्य राशियों पर बरसेगी भोलेनाथ की कृपा

## इस महाशिवरात्रि पर बन रहे पांच महायोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि इस बार 15 फरवरी को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान शिव और माता पार्वती का दिव्य विवाह हुआ था। इस वर्ष का पर्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि ज्योतिषीय दृष्टि से भी अत्यंत विशेष माना जा रहा है।

ज्योतिष आचार्य पंडित राजकुमार तिवारी और पंडित सूरजप्रसाद तिवारी के अनुसार इस बार महाशिवरात्रि पर कई दुर्लभ राजयोग का निर्माण हो रहा है, जिससे 12 राशियों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। पंचांग के अनुसार चतुर्दशी तिथि का आरंभ 15 फरवरी को शाम 5:04 बजे से होगा और समापन 16 फरवरी को शाम 5:34 बजे होगा। निशिता काल की पूजा 15 फरवरी की रात में ही की जाएगी, इसलिए महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा।



### ग्रहों की विशेष स्थिति और महायोग

महाशिवरात्रि के दिन सूर्य, बुध, शुक्र और राहु कुंभ राशि में रहेंगे, जिससे चतुर्ग्रही योग, बुधादित्य योग, शुक्रादित्य योग और लक्ष्मी नारायण योग बन रहा है। मंगल अपनी उच्च राशि मकर में स्थित रहकर रूचक पंच महापुरुष राजयोग बनाएंगे। वहीं गुरु मिथुन राशि में नवपंचम राजयोग का निर्माण करेंगे। शनि मीन और केतु सिंह राशि में रहेंगे। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी प्रातः 7 बजे से शाम 7:48 बजे तक प्रभावी रहेगा, जो पूजा और शुभ कार्यों के लिए अत्यंत उत्तम माना गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार मकर, कुंभ और मिथुन राशि के जातकों पर विशेष कृपा बरस सकती है। कुंभ राशि वालों को आर्थिक लाभ और उनके रूके कार्य पूर्ण होंगे। मिथुन राशि वालों को पारिवारिक सुख और नई योजनाओं में सफलता मिलेगी।

### जीवन में आती है सकारात्मक ऊर्जा

महाशिवरात्रि पर व्रत, रात्रि जागरण और शिवलिंग का अभिषेक अत्यंत फलदायी माना जाता है। भक्त पंचामृत, जल, दूध, घी और शहद से अभिषेक कर भगवान शिव की आराधना करते हैं। मान्यता है कि इस दिन की गई पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस बार महाशिवरात्रि पर बन रहे दुर्लभ योग इसे और भी खास बना रहे हैं। श्रद्धा, विश्वास और विधिपूर्वक पूजा करने से भोलेनाथ की विशेष कृपा प्राप्त होगी।




## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत



**कांकेर।** बारदेवरी-शांतिनगर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि कुरिष्टिकुर निवासी दीपेंद्र कुमार हिड़को पिता कुंवर सिंह हिड़को का मौत 20 दिसंबर को अपने गांव लौटते समय शाम करीबन साढ़े 5 बजे बारदेवरी-शांतिनगर के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीटी 3181 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में मृतक दीपेंद्र कुमार ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसे गंभीर चोटें ने उसकी मौत हुई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी सीजी 19 बीटी 3181 का चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### राम के आदर्श को जीवन में उतारने का करें प्रयास

**कांकेर।** रिसेवाड़ा में आयोजित त्रिदिवसीय मानस गान महोत्सव के अवसर पर जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम राम हम सब के आदर्श है उनके जीवन चरित्र को हम सबको अपनाना चाहिए। उन्हें एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई एवं आदर्श राजा के रूप में जाना जाता है जिन्होंने रघुकुल के रीति को अपनाते हुए अपने वचन का पालन किया। इस तरह के धार्मिक आयोजन से गांव में शांति का वातावरण निर्मित होता है हम सबको प्रयास करना चाहिए कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से हम अपने भीतर के बुराइयों को दूर करने का प्रयास करे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारी व ग्रामीण शामिल रहे।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत उसेली में नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा कई एंगलो में जांच कि जा रही है। उसेली निवासी 35 वर्षीय सत्तो बाई सलाम ने पुलिस को बताया कि मृतिका उसेली निवासी 12 वर्षीय दिव्या सलाम पिता श्रवण ने 12 फरवरी को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सुमित्रा बनीं भाजपा महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्ष

**दुर्गूकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल के अंतर्गत महिला मोर्चा की नई मंडल अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा दुग्गा को नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिला मोर्चा पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओ ने कहा कि सुमित्रा दुग्गा की नियुक्ति से महिला मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन को मजबूती प्राप्त होगी। नव नियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगी तथा महिलाओं को संगठन से जोड़कर भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगी।

## निधन

### धनंजय कुमार चंद्राकर



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा निवासी धनंजय कुमार चंद्राकर का निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे । वे केशव चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, आनंद चंद्राकर के छोटे भाई तथा हरीश कुमार के पिताजी थे। दाह संस्कार में ग्रामीणजन व परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

सीटू से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गांधी मैदान में किया धरना प्रदर्शन

# भारत बंद का असर : बीमा दफ्तरों में काम ठप, बैंक-डाकघर रहे चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





केंद्र सरकार की कथित मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी भारत बंद का असर धमतरी में भी देखने को मिला। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों के आह्वान पर बीमा विभाग के कर्मचारियों ने काम बंद कर हड़ताल में भाग लिया, जिससे बीमा कार्यालयों का कामकाज प्रभावित रहा। हालांकि शहर के बैंक और डाकघर में सामान्य दिनों की तरह नियमित कार्य जारी रहा। आम लोगों को बैंकिंग और डाक सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा का सामना नहीं करना पड़ा। रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लाइज यूनियन के बैनर तले धमतरी इकाई के कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में नई भर्ती, ठेका प्रथा समाप्त करने, एलआईसी के शेयरों के पुनः विनिवेश पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने और बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई वापस लेने की मांग उठाई। इसके अलावा चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने, समान काम के लिए समान वेतन लागू करने, 8 घंटे के कार्यदिवस को सुरक्षित रखने तथा महिलाओं से रात्रि पाली में काम न लेने जैसी मांगें भी प्रमुख रहीं।

सीटू (सीआईटीयू) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन किया। संगठन ने नई श्रम शक्ति नीति 2025 और बिजली संशोधन विधेयक 2022 को रद्द करने की मांग की। साथ ही मनरेगा के तहत 200 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने, 12 घंटे की कार्यप्रणाली बंद करने, चारों श्रम संहिताएं वापस लेने और सभी योजना कर्मियों को मजदूर का दर्जा देने की मांग उठाई गई।

सीटू अध्यक्ष मणीराम देवांगन और सचिव समीर कुरैशी ने बताया कि मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। हड़ताल में अमन कुमार ध्रुव, गोपाल मरकाम, अशोक मंडावी, जसवंत लावत्रे, ज्योति जसवंत, भीषम सिंह ध्रुव, ठाकुर राम देवांगन, शिव सिंह यादव, दिनेश्वर साहू, अनूप कुमार ध्रुव, द्विजराम नेताम, नागमणि, घनाराम ध्रुव, रेवाराम देवांगन, चंद्रहास कंवर, पवन कुमार निर्मलकर, आदिबा खान, रवि कुमार, संजय चौधरी, सुनील ध्रुव, गिरिजा साहू सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

## महानदी में पानी छोड़ने की मांग



- महाशिवरात्रि पर आस्था की डुबकी के लिए अछोटा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर ग्राम अछोटा के ग्रामीणों ने प्रशासन से महानदी में पानी छोड़े जाने की मांग तेज कर दी है। ग्राम विकास समिति अछोटा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर निस्तारी एवं आस्था की डुबकी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

ग्राम अछोटा स्थित महानदी तट पर विराजित महादेव धारेश्वरनाथ शिव मंदिर में हर वर्ष मेला आयोजित होता है। इस अवसर पर अछोटा, कोलियारी और करेठा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व वर्षों में माघ पूर्णिमा पर रुद्री मेला एवं महाशिवरात्रि मेला के दौरान महानदी में पानी छोड़ा जाता था, जिससे श्रद्धालुओं को स्नान और निस्तारी में सुविधा मिलती थी। किंतु इस वर्ष माघ पूर्णिमा रुद्री मेला में पानी नहीं छोड़े जाने से नदी का जलस्तर अत्यंत कम है और वर्तमान में स्नान योग्य पानी उपलब्ध नहीं है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष खिलेश राम सेन, सचिव महेश धूरा, योगेश्वर देवांगन, सहसचिव नागेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष गोवर्धन यादव एवं सलाहकार पन्ना लाल ग्वाल ने प्रशासन से नदी में पानी छोड़ने की मांग की है।

## अजय के प्रयास से क्षेत्र में बिछ रहा सड़कों का जाल

- 8 किमी सड़क निर्माण के लिए 22 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



कुरुद विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। विधायक अजय चंद्राकर की पहल से लोक निर्माण विभाग ने वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को हरी झंडी दे दी है। फलस्वरूप 3 प्रमुख सड़क निर्माण कार्य के लिए तकरीबन 22 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। इस फैसले से क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार मिलेगी और सालों पुरानी सड़क संबंधी समस्याओं का अंत होगा।

विधायक कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार 15 करोड़ 34 लाख 94 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस बजट से पचपेड़ी, तर्रागोंदी, भेलवाकूदा, टिपानी और सेमरा (बी) मार्ग के 5 किमी हिस्से को टू-लेन बनाया जाएगा। सड़क को न केवल चौड़ा किया जाएगा बल्कि इसकी गुणवत्ता को भी बेहतर बनाया जाएगा ताकि भारी वाहनों के दबाव को यह आसानी से झेल सके। इसी क्रम में सेमरा से सिलौटी मार्ग जिसकी दूरी 1.30 किमी है, के लिए 2.74 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति एवं नारी से कोकड़ी मार्ग लंबाई 2.05 किमी के लिए 4.13 करोड़ रुपये की स्वीकृति हुई है। सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने पर ग्रामीणों में खुशी है। उन्होंने विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि एक सजग जनप्रतिनिधि वही होता है जो अपने क्षेत्र की जनता की जरूरतों को सरकार तक पहुंचाए और उन्हें पूरा कराए।

### 20 गांव के ग्रामीणों को मिलेगा सीधा फायदा

इस सड़क के बनने से क्षेत्र के 20 छोटे-बड़े गांवों की तस्वीर बदल जाएगी। वर्तमान में संकरी और खराब सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। टू-लेन मार्ग बनने से न केवल समय की बचत होगी बल्कि हादसों में भी कमी आएगी। किसानों को कृषि कार्य के लिए आवगमन एवं अपनी उपज मंडी तक ले जाने और छात्रों को स्कूल-कॉलेज पहुंचने में अब सहूलियत होगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी यह मार्ग क्षेत्र के लिए किसी जीवनरेखा से कम नहीं होगा।

## बच्चों के पोषण पर दिया विशेष जोर

- दुगली के आवासपारा आंगनबाड़ी केंद्र में मना वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



दुगली के आवासपारा आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कलावती मरकाम एवं वरूण देव नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का वजन लेकर स्वयं निरीक्षण किया तथा माताओं को बच्चों के बेहतर पोषण के लिए हरी सब्जियां, फल, दूध एवं घर पर बने पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता देने की सलाह दी।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोजनी नेताम, विद्या बाई नेताम, सुनीता साहू, सुशीला मरकाम एवं मितानिन भानबाई नेताम की सहभागिता रही। उनके द्वारा बच्चों की लंबाई एवं वजन मापकर स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज किया गया। साथ ही कम वजन वाले बच्चों की पहचान कर उनकी विशेष निगरानी एवं देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## यक्षेश्वर महादेव मंदिर का स्थापना समारोह मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



भखारा नगर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण उस समय निर्मित हो गया, जब यक्षेश्वर शिव मंदिर का स्थापना समारोह विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन एवं विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, पार्षद छबि लाल निर्मलकर की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य यजमान झम्मन साहू पूर्व पार्षद, कृष्णा साहू पूर्व पार्षद थे।

स्थापना समारोह को पंडित सूरज मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। सूरज ने भी पूजन कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। मंदिर परिसर में भगवान महादेव की मूर्ति के साथ नंदी महाराज की भी स्थापना की गई। पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। मौके पर त्रिवेणी निर्मलकर, गिरिजा निषाद, काजल, भगवती निषाद, तारा यादव, खुशबू यादव, गोदावरी यादव, कल्याणी बाई, पुन्या दीवान, चन्द्रकला पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

शिवभक्ति में सराबोर हुआ शहर
मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता

## बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में मेहंदी की रस्म हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत गुरुवार को श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मेहंदी की रस्म संपन्न हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरे वातावरण में भक्ति, उत्साह और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर को विशेष रूप से रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष से माहौल गूंज उठा। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी पहुंचीं और भगवान भोलेनाथ को विधि-विधान से मेहंदी अर्पित की। यह रस्म शिव-पार्वती के पावन दांपत्य और सौभाग्य का प्रतीक मानी जाती है।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को भी मेहंदी लगाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। युवतियों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर वातावरण को और जीवंत बना दिया।

मंदिर के ट्रस्टी नीलेश लूनिया ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर कई धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चल रही है। शुक्रवार को शाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर की भजन मंडलियां शिव महिमा का गुणगान करेंगी। भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालु देर रात तक शिव भक्ति में लीन रहेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि शनिवार को भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी। यह बारात शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी, जहां जगह-जगह स्वागत एवं आरती की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर शिव बारात की शोभा बढ़ाएंगे। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस दिन विशेष रुद्राभिषेक, अभिषेक पूजा, रात्रि जागरण और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। मंदिर समिति द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में कार्यक्रमों में भाग लेकर शिव भक्ति का संदेश दे रहे हैं।

## कन्या कमार आश्रम की बालिकाओं को चप्पल बांटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

ग्राम दरगहन सलोनी की आदिवासी कन्या कमार आश्रम शाला के बालिकाओं को विभाग द्वारा चप्पल का वितरण किया गया। इस अवसर पर आश्रम अधीक्षिका विनीता राजपूत, सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव, शांतिबाई, प्रेमलाल नागवंशी, शकुनबाई ध्रुव, लक्ष्मी नागेश उपस्थित रही। नई चप्पल मिलने पर बालिकाएं प्रसन्नचित नजर आईं। महिला जनप्रतिनिधियों ने अधीक्षिका से बच्चों की पढ़ाई व रखरखाव के संबंध में तथा पेयजल की चर्चा की तो सारी सुविधा संतोषजनक पाई गई।

## ब्रेकर से टकराकर चोटिल हो रहे वाहन चालक

- ब्रेकर बनाने के बाद सूचना पटल लगाना भूला विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

धमतरी भखारा रायपुर पुराना मुख्य मार्ग में बीते दिनों कई दुर्घटना हुई जिसमें कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। ग्रामीणों के आक्रोश प्रदर्शन के बाद शासन द्वारा एक अच्छी पहल करते हुए गांव-गांव में ब्रेकर का निर्माण कराया गया जिससे भारी वाहनों की गति में कुछ कमी आई। मगर पहले ब्रेकर न होने के कारण दुर्घटना घटती थी मगर अब ब्रेकर बन जाने के कारण दुर्घटना हो रही है। सूचना पटल के अभाव में लोग ब्रेकर को समझ नहीं पा रहे हैं और आए दिन लड़खड़ाकर ब्रेकर से टकराकर गिर रहे हैं। किसी के सिर पर चोट लगी तो किसी का हाथ टूटा। कई घायल हॉस्पिटल में भर्ती है। जितनी भी घटनाएं होती है, वह रात में ही होती है। धमतरी रायपुर पुराना मुख्य मार्ग में प्रतिदिन हजारों की संख्या में कार, मोटरसाइकिल, बस और भारी वाहन चलते हैं। ब्रेकर के निर्माण होने से गति में कुछ नियंत्रण लगा है मगर घटनाएं घट रही हैं। ग्रामीणों ने शासन से मांग है कि ब्रेकर के सामने एक सूचना पटल अवश्य लगाया जाए ताकि दुर्घटना पर नियंत्रण लगे।

## पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत कर समीक्षा की गई। साथ ही आयकर रिटर्न फार्म से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रक्रियाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रत्येक जोन को सदस्य संख्या के अनुसार राशि वितरण करने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया। इस अवसर पर दिसंबर 2025 के बाद दिवंगत हुए पेंशनर्स साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया गया।

रुद्राभिषेक, पूजा-अर्चना के साथ होगा भंडारे का आयोजन

# अंचल में रहेगी महाशिवरात्रि पर्व की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



कोर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेंडरवानी में महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक एवं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाता है।

क्षेत्र के शिवालय मंदिरों में महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक, पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया जाता है। इस दिन माता पार्वती एवं शिवली का रात्रि कालीन विवाह हुआ था। रात्रि में श्रद्धालु शिवजी की आराधना करते हैं जिसमें शिव रुद्राभिषेक, पूजा आरती और महाप्रसादी का वितरण किया जाता है। भखारा कोर्रा क्षेत्र अंतर्गत थानेश्वर महादेव मंदिर भखारा थाना मंदिर को सुंदर सजाया गया है। सुबह 4 बजे रुद्राभिषेक, पूजा का आयोजन किया जाएगा। त्रिकुटीधाम सिहाद में नागेश्वर महादेव की पूजा पं. अंगेश्वर मिश्रा द्वारा की जायेगी।

इस प्रकार ग्राम गुजरा में ज्योतिषाचार्य पं. सुनील तिवारी द्वारा पूजा-अर्चना कराई जाएगी महाशिवरात्रि पर्व पर सहस्त्र पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा की जायेगी। ग्राम अमलीडीह में बम्लेश्वरी मंदिर के पास भी शिवजी मंदिर में सुबह 9 शिव रुद्राभिषेक, पूजा, महाआरती की जाएगी। रात्रि में रामायण कथा का आयोजन किया जाता है। शिव विवाह में झांकी निकाली जाती है। तरसींवा में अखंड रामायण का कार्यक्रम होगा। महाशिवरात्रि पर मेला एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार डोमा, कुरमातराई, कोसमर्रा, भखारा देवरी, सेमरा, रामपुर, सिलौटी क्षेत्र के सभी गांव में शिव पूजा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम कोर्रा में तालाब के बीचो-बीच स्थापित शिवजी की प्रतिमा की पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कराई जाएगी। यहां मेला एवं रामायण कार्यक्रम होगा।

## डांडेसरा स्कूल में हुआ न्योता भोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में प्रधानपाठिका उर्वशी चन्द्राकर द्वारा अपनी पोती पावनी चन्द्राकर के जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला के छात्र छात्राओं को खीर-पूड़ी परोसी गई। पावनी चन्द्राकर एवं लव्या चन्द्राकर ने शाला के सभी बच्चों को पेंसिल एवं चॉकलेट दी, साथ ही इनके द्वारा शाला परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर आलोक चन्द्राकर, टिकेश्वर साहू, शिक्षिका शहनाज़ बानो, अनीता साहू, वीणा गजेंद्र, संतोषी दीवान उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### पीपरछेड़ी में पांच कुंडीय महायज्ञ हुआ



**धमतरी।** ग्ररम पीपरछेड़ी (कण्डेल) में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया था। यज्ञ में दीक्षा संस्कार 7, गर्भ संस्कार 9, अन्नप्राशन संस्कार 5, विद्या आरंभ संस्कार 30 संपन्न हुआ। मौके पर पारसमणि साहू, नोहर सिंह साहू, शांतिलाल साहू, चंद्रहास साहू, ढाल सिंह साहू, तुकाराम साहू, हंसदेश साहू, घनश्याम साहू, भीमराम साहू, पवन चंदन, गुलशन साहू, श्रीमती केकती साहू, खोमिन साहू, सुभाषिनी साहू, हेमलता साहू, फूलबासन साहू, श्यामसुंदर साहू, जीवनलाल सोनवानी, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ कौशल प्रसाद साहू, घनश्याम ठाकुर उपस्थित थे।

### मूकबधिर मिलापराम शतरंज, बैंडमिटन खेलने रवाना



**धमतरी।** दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्य मूकबधिर मिलापराम साहू कंडेल निवासी बधिर खेल परिषद नई दिल्ली दवारा आयोजित 26 वीं राष्ट्रीय बधिर शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने नागपुर रवाना हुए। यह स्पर्धा सोलह से बीस फरवरी तक होगी। यह टीम छग स्पोर्ट्स सोसायटी आफ द डेफ का प्रतिनिधित्व करेगा। इसके बाद इक्कीस से तेइस मार्च तक पंजाब में आयोजित बैंडमिटन खेलने जायेंगे। इस उपलब्धि पर जिलाधीश अबिनाश मिश्रा, उपसंचालक डा मनीषा पाण्डे, सरिता दोशी सार्थक विदयालय, घनश्यामसिंह साहू शिक्षक, बसंत कुमार विश्नोई, संतोषी विश्नोई, सोमन, शिवचरण, डाली, सुलोचना, सुलेखा अली, रोहित साहू, डेरहाराम, नीलकंठ, जगदीशराम साहू ,श्रीमती कामिन बाई साहू ने हर्ष जताया है।

### टिकेश सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष व रमेश सचिव बने



**धमतरी।** ग्राम रुद्री के एक रेस्टोरेंट में जिला सरपंच संघ का गठन किया गया। सर्वसम्मति से टिकेश साहू को धमतरी जिलाध्यक्ष व सचिव रमेश मंडावी तथा कोषाध्यक्ष रामकुमार यादव को बनाया गया। चारों ब्लाक से हिमांशु शेखर साहू धमतरी, राखी साहू मगरलोड, हरिशंकर साहू कुरूद, उमेश देव नगरी को कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला स्तर पर हर ब्लाक से दो उपाध्यक्ष, संयोजक, सहसचिव, मीडिया प्रभारी व कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई। मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात संघ द्वारा मांग पत्र सुनाया गया। मौके पर योगेश साहू, प्रेमू चंद्रवंशी, उत्तम नेताम, विमल नेताम, फागू राम साहू, कुंदन नेताम, लक्ष्मी बया, प्रसून शुक्ला, टिकेश्वरी साहू, बालकृष्ण निषाद के अलावा चारों ब्लाक के सरपंचगण उपस्थित थे।

### वजन त्योहार में शामिल हुई पार्षद



**धमतरी।** पार्षद हिमानी भगवत साहू ने लालबगीचा वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की नियमित जांच हेतु आयोजित वजन त्योहार कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का वजन मापन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वजन त्योहार का मुख्य उद्देश्य बच्चों की नियमित वृद्धि की निगरानी करना, कुपोषण की समय पर पहचान करना तथा जरूरतमंद बच्चों को उचित पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दुर्गेश नंदनी साहू, श्रीमती सूरजा निषाद तथा मितानिन श्रीमती वर्षा, श्रीमती स्वीकृति महिलांगे एवं श्रीमती गीता शर्मा की उपस्थिति रही।

### बेलरगांव स्कूल में एलुमनी मीट का हुआ आयोजन



**नगरी।** शासकीय विद्यालय बेलरगांव में पूर्व छात्र-छात्राओं का एलुमनी मीट कार्यक्रम उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव एवं वरिष्ठ समाजसेवी लखनलाल ध्रुव विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करकी गई। विद्यालय परिवार एवं पूर्व छात्रों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व छात्र-छात्राओं का विद्यालय से जुड़ाव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक होता है। लखनलाल ध्रुव ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। एलुमनी मीट के दौरान विभिन्न बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यालय के विकास के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

## आरोप : स्कूल में शिक्षकों और बच्चों से की है गाली-गलौज व अभद्रता

# शिक्षक संघ ने की जनपद की तकनीकी सहायक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



जनपद पंचायत कुरूद में पदस्थ एक कर्मचारी पर बदतमीजी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शासकीय प्राथमिक शाला उमरदा के निरीक्षण के नाम पर पहुंची तकनीकी सहायक पर स्कूल के शिक्षकों और मासूम बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगा है। इसके विरोध में शिक्षक संगठन ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है।

छग टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक कुरुद ने जनपद सीईओ सेन को ज्ञापन सौंपकर बताया कि 11 फरवरी की दोपहर लगभग 1:15 बजे स्कूल में लंच ब्रेक चल रहा था। तकनीकी सहायक नगमा फातिमा स्कूल पहुंचीं और बच्चों के बाहर होने पर भड़क गईं। उन्होंने शिक्षकों पर चिल्लाते हुए कहा कि बच्चों को बिठाकर नहीं रख सकते, तमीज नहीं है क्या? जब प्रधान पाठक ने शालीनता से जवाब दिया कि अभी भोजन अवकाश (लंच) चल रहा है, तो तकनीकी सहायक अपना आपा खो बैठीं। उन्होंने बच्चों के सामने ही गालियां देनी शुरू कर दीं। बीच-बचाव करने आए अन्य शिक्षकों को भी अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि अगर 48 घंटे के भीतर तकनीकी सहायक पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा और जनपद पंचायत का घेराव किया जाएगा। शिकायतकर्ता में दिनेश साहू अध्यक्ष छ ग टीचर्स एसोसिएशन, ब्लाक सचिव अशोक साहू, लोमश साहू, एनआर बघेल, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, पूर्णानंद यादव, तुकेश्वर गहिरवारे, श्रीमती पद्मिनी सिन्हा, पवन साहू खिलेश्वर साहू, टेकराम कंवर, प्रवीण देशलहरे, पूनम साहू शामिल थे।

#### किसी से अभद्र व्यवहार नहीं किया

इस मामले पर तकनीकी सहायक नगमा फातिमा ने बताया कि वे अपने शासकीय कर्तव्य के पालन हेतु स्कूल परिसर पहुंची थीं। उन्होंने किसी भी शिक्षक या बच्चे के साथ अभद्र भाषा या गाली-गलौज नहीं की है। बल्कि वहां के शिक्षक मुझे वहां कदम रखने से मना करते हुए मुझे और सीईओ के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किये हैं। शिक्षक अपनी कमियों को छिपाने के लिए उन पर झूठे आरोप मढ़ दिए हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

#### जांच के बाद कार्रवाई होगी

छग टीचर्स एसोसिएशन कुरुद ने मेरे कार्यालय के एक तकनीकी सहायक पर अभद्रता करने की शिकायत की है। इस मामले की जांच की जायेगी। जो भी दोषी पाया जायेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

\- अमित सेन,
*सीईओ जनपद पंचायत कुरुद*

## बिलासपुर ने रायपुर को किया पराजित





- बालोद में अंडर 16 राज्यस्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता हुई
- राज्य में हॉकी खेल को प्रोत्साहित करने के लिए एकडेमी का गठन : सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बालोद जिले के ग्राम कन्नेवाड़ा में तीन दिवसीय अंडर 16 राज्यस्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता हुई। स्पर्धा में बिलासपुर, राजनादगांव, दुर्ग, अंबिकापुर, जशपुर, कवर्धा, रायपुर, बालोद की टीम ने भाग लिया। फ़ाइनल बिलासपुर व रायपुर के बीच हुआ। बिलासपुर की बालिका टीम ने 10 गोल कर रायपुर की बालिका टीम को पराजित किया। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि हेमराज सोनी कहा कि हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है। यह खेल भारत देश की देन है। आज केन्द्र व राज्य सरकार ने हॉकी खेल को प्रोत्साहित करने के लिए एकडेमी का गठन किया है। आज छग के लगभग हर जिले से बालिका यहां प्रशिक्षण ले रही है। हमें स्वदेशी खेल पर ज्यादा रूचि लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष बालोद के तोमन साहू ने की। अन्य अतिथि इंजीनियर ताराचंद साहू, मधुकांत साहू थे। इस आयोजन में शबरी स्पोर्टस क्लब व जिला हॉकी संघ बालोद के संरक्षक राजेश, गमलेश्वर तारम, उपाध्यक्ष सूर्यकांत सिन्हा, अनुपमा चौबे, संगीता तिवारी सचिव, तोरण सिन्हा, सहसचिव सौरभ शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास



- खरतुली स्कूल में वर्षभर संचालित प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली में चाणक्य वाणिज्य परिषद् व प्रभारी शिक्षक आकाश गिरी गोस्वामी के संयोजन में वर्षभर संचालित शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य टीआर नागवंशी, व्याख्याता मोनिका गोस्वामी, यशोदा सिन्हा, सतीश तुर्रे, अमित महोबे, प्रतिमा यदु, संजय कुमार सिन्हा, डायमंड गुरुपंचायन, संदीप सिन्हा एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करती हैं। वर्षभर आयोजित वाद-विवाद, क्विज, लेखन, भाषण, लेखा-प्रबंधन, चित्रकला तथा खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने प्रमाणपत्र, ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## नहर में जलापूर्ति के लिए कार्यपालन अभियंता से मिले पार्षदगण



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रुद्री बरॉज से सिंचाई विभाग द्वारा बड़े केनाल के माध्यम से फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाने में कमी हो जाने के कारण पिछले कई दिनों से शहर के 40 वार्ड में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो गई है।

इस वस्तुस्थिति से अवगत कराने जल विभाग के अध्यक्ष अखिलेश सोनकर के नेतृत्व में पार्षदों की टीम ने सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता बीके मगेद्र से मिलकर बताया कि फिल्टर प्लांट में पहुंचने वाले जल की आपूर्ति ठीक से न होने के कारण शहर में नगर निगम को आम जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। नियमित रूप से 40 वार्डों तक ओवरहेड टैंक के माध्यम से पानी पहुंच पाए इसके लिए नहर में पर्याप्त पानी छोड़े जाने की व्यवस्था बिना किसी बाधा के प्रतिदिन हो।

### आंगनबाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया

**भखारा।** नगर पंचायत भखारा भठेली की आंगनबाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया। बच्चों का वजन कर उन्हें पोषण आहार संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद संतोषी निषाद एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्युत कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन



**धमतरी।** धमतरी एवं कुरुद संभाग के विद्युत कर्मियों ने केंद्र सरकार के श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचना के विरोध में काली पट्टी बांधकर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया।

श्रमिकों ने विद्युत कंपनियों के निजीकरण एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने, 21 नवंबर 2025 को जारी की गई चारों श्रमिक विरोधी संहिताओं यथा वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, व्यावसायिक सुरक्षाएं एवं कार्य परिस्थिति संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 आदि के क्रियान्वयन संबंधी संहिताओं को तत्काल वापस लेने साथ ही फ्रेंचाइजी व्यवस्था एवं समानांतर लाइसेंस नीति को समाप्त करने, बिजली क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत सभी संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी को नियमित करने, रिक्त नियमित पदों को तत्काल भरने, समान काम के लिए समान वेतन संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पूर्ण रूप से लागू करने एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की। धमतरी ग्रामीण, नगरी एवं बेलरगांव उपसंभाग के सभी वितरण केन्द्र एवं कुरूद संमाग अंतर्गत भखारा, मगरलोड कुरूद उपसंभाग के समस्त वितरण केंद्रों के कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों का कड़ा विरोध किया।

## केन एकेडमी में दिखा शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का संगम

- बच्चों की जीवंत और सजीव प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





केन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों के अद्भुत संगम के रूप में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि निरंजन सिन्हा अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर तथा विशेष अतिथि भाजपा महामंत्री महेन्द्र पंडित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा लोकनृत्य, देशभक्ति गीतों एवं पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। बच्चों की जीवंत और सजीव प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने कहा कि संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला है। महेन्द्र पंडित ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, अनुशासन एवं मंचीय प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कक्षा चौथी की छात्रा वैदेही द्विवेदी ने किया। विद्यालय की सीईओ श्रीमती प्रतीक्षा बाबर ने संस्था की वर्षभर की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी अभिभावकों को दी। डायरेक्टर अजय डड़सेना ने शिक्षा दर्शन एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों को वैश्विक स्तर पर सक्षम एवं संस्कारवान नागरिक बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी में हुई बच्चों के पोषण स्तर की जांच

**कुरुद।** आंगनबाड़ी केंद्र परसवानी में बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य जागरूकता हेतु वजन त्योहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के साथ-साथ गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करना एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में सेक्टर मंदरौद की पर्यवेक्षक रेणुका साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

ੴ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸੱਦੇ ਉੱਠੀ ਜਾਹੇ ੴ



अंतिम अरदास
स्व. सुरजीत कौर अहलूवालिया जी (बबली)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि सरदारनी सुरजीत कौर अहलूवालिया जी का आकस्मिक निधन दिनांक 8 फरवरी को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए अखंड पाठ साहिब की समाप्ति दिनांक 14 फरवरी, शनिवार को होगी।

कार्यक्रम
12:00 बजे से 1:00 बजे तक कीर्तन एवं अंतिम अरदास
उपरंत गुरु का लंगर, गुरुद्वारा देवेन्द्र नगर रायपुर

शोकाकुल :
स्व.स. जसवंत सिंह गुरदत्ता सिर्री वाले (पिता)
स्व.स. गुरमीत सिंह अहलूवालिया (पति)
स. सौहेन्द्र सिंह, स. जसबीर सिंह (भाई)
स. परमजीत सिंह, स.अमरजीत सिंह (भाई)
असीम अहलूवालिया (पुत्र)
राशी-कबीर ओबेरॉय (पुत्री-दामाद)
मो.: +91 70214 24882

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हर साल 13 फरवरी को मनाया जाता है विश्व रेडियो दिवस

# तकनीक के दौर में भी जिंदा है रेडियो का जुनून, 60 साल से अटूट रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मोबाइल, इंटरनेट और स्मार्ट टीवी के युग में भले ही मनोरंजन के साधन बदल गए हों, लेकिन रेडियो की आत्मीयता आज भी बरकरार है। 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2012 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा की गई थी। इसी दिन 1946 में संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना हुई थी। आज भी विश्व की 95 प्रतिशत आबादी तक रेडियो की पहुंच है और यह दूरस्थ क्षेत्रों में सूचना व मनोरंजन का सशक्त माध्यम बना हुआ है।


पहाड़ू निषाद


बलराम उर्फ बल्लू निषाद


राधिका देवी सिंह


चंद्रकांत साहू

## रेडियो को साथ ले जाना नहीं भूलते पहाड़

ग्रामीण अंचल के पहाड़ू निषाद और बलराम उर्फ बल्लू निषाद पिछले 45 वर्षों से रेडियो सुन रहे हैं। वे रायपुर स्टेशन से प्रसारित छत्तीसगढ़ी गीत, समाचार चौपाल, विविध भारती और ऑल इंडिया रेडियो के कार्यक्रम ध्यानपूर्वक सुनते हैं। उनका मानना है कि मोबाइल और टीवी में वह अपनापन नहीं, जो रेडियो में है। क्रिकेट कमेंट्री और समाचार सुनने का रोमांच आज भी उन्हें रेडियो से जोड़े रखता है। वे जहां भी जाते हैं, रेडियो साथ ले जाना नहीं भूलते।

## राधिका देवी सिंह : 60 साल से अटूट रिश्ता

कृदत्त कॉलोनी निवासी राधिका देवी सिंह (78 वर्ष) पिछले 60 वर्षों से रेडियो की श्रोता हैं। खाली समय पर वे रेडियो पर गीत, समाचार, चौपाल, प्रधानमंत्री के मन की बात और अन्य सरकारी कार्यक्रम नियमित सुनती हैं। राधिका जी बताती हैं कि जैसे ही समय मिलता है, वे रेडियो में बैंड बदलकर उसे फिर से चालू कर लेती हैं। उनके लिए रेडियो केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन का साथी है। वे जहां भी जाती हैं, रेडियो को अपने साथ रखना नहीं भूलतीं।

## चंद्रकांत साहू 35 वर्षों से नियमित श्रोता

रुद्री निवासी व्यवसायी चंद्रकांत साहू पिछले 35 वर्षों से रेडियो के नियमित श्रोता हैं। उनकी दिनचर्या सुबह 6 बजे रेडियो के साथ शुरू होती है और रात 12 बजे तक वे कार्यक्रम सुनते रहते हैं। फरमाइशी गीत, समाचार और क्रिकेट कमेंट्री उनका पसंदीदा कार्यक्रम है। वे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के रेडियो स्टेशनों को पोस्टकार्ड भेजकर अपनी सहभागिता दर्ज कराते हैं। रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर स्थित आकाशवाणी केंद्रों को वे विशेष रूप से सुनते हैं।

### 'मन की बात' से फिर बढ़ा आकर्षण

प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण के बाद रेडियो के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। खासकर ग्रामीण और वरिष्ठ नागरिकों में रेडियो आज भी विश्वसनीय माध्यम बना हुआ है। विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर धमतरी जिले के ये श्रोता यह साबित करते हैं कि तकनीक बदल सकती है, लेकिन रेडियो की सादगी, विश्वसनीयता और आत्मीयता आज भी दिलों में बसी हुई है।

# धमतरी में 182 एएचपी आवासों को मिली 6.75 करोड़ की स्वीकृति


महापौर रामू रोहरा का प्रयास रंग लाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के महिमा सागर, विंध्यवासिनी वार्ड में वर्षों से अधूरे पड़े 182 एएचपी (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) आवासों के निर्माण को नई गति मिली है। 'सबके लिए आवास मिशन' के तहत इन मकानों को पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 6.75 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इससे लंबे समय से लंबित परियोजना अब पूर्णता की ओर बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में इन आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा काम अधूरा छोड़ देने से परियोजना रुक गई थी। अधूरी इमारतें और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में हितग्राहियों को वर्षों तक इंतजार करना पड़ा। कई परिवार किराए के मकानों में रहने को मजबूर थे।

नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने पदभार संभालने के बाद अधूरे विकास कार्यों की समीक्षा की और इस परियोजना को प्राथमिकता में शामिल किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विशेष आर्थिक सहायता का अनुरोध किया, जिसके बाद यह स्वीकृति प्रदान की गई।

निगम सूत्रों के अनुसार शेष कार्य—छत ढलाई, प्लास्टर, विद्युत एवं जल कनेक्शन, सीवरेज, आंतरिक सड़क और नाली निर्माण—को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु तकनीकी मूल्यांकन और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

महापौर जगदीश रामू रोहरा ने राज्य सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वार्डवासियों ने भी निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही 182 परिवारों को उनका स्थायी आशियाना मिलेगा।

# शराबबंदी को लेकर सलोनी में चमाचम बैठक



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी की महिला कमांडो की अगुवाई में कामकाज बंद कर ग्रामीणों ने बैठक बुलाई जहां शराब माफियाओं को बैठक में बुलाया गया लेकिन कोई नहीं आए। बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारी तथा थाना प्रभारी पहुंचे थे। ग्राम पंचायत सलोनी की सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव बताया कि महिला कमांडो के कार्य से ग्रामीण एकजुट हो चुके हैं और नशाबंदी करना चाहते हैं लेकिन जिला प्रशासन से कोई सहयोग नहीं मिल पा रहा है। आबकारी तथा केरेगांव थाना द्वारा स्टाफ की कमी बताई जाती है। वन विभाग के आलाधिकारियों से भी सहयोग लेने की कोशिश की गई लेकिन औपचारिकता निभाते हुए शाम 5 बजे जंगल में कुछ कर्मचारी छापामार कार्यवाही के लिए भेजे थे लेकिन उस स्थान पर पहुंच नहीं पाए जहां शराब माफिया शराब बनाने का बर्तन छिपाकर रखते हैं, इसलिए वन विभाग को भी सहयोग के लिए बुलाया गया।

छुही व पीपरछेड़ी के जंगल में खूब शराब बनती है। उस जगह पर नाला में पानी भरा हुआ है जिसका उपयोग शराब बनाने में किया जा रहा है। जंगल की लकड़ी का उपयोग कर जंगल के भीतर महुआ शराब बनाई जा रही है। जंगल के भीतर महुआ शराब बनाने के कारण वन संपदा का नुकसान भी हो रहा है। और जंगल में आग लगने की प्रबल संभावना बनी हुई है। बैठक में दानीराम नागेश, लखन दीवान, कन्हैया ध्रुव, शिव, उपसरपंच देवचंद साहू, अनारू ध्रुव, प्रभु साहू, यीशु मरकाम, सियाराम साहू, शेखर ध्रुव, डा. नंदकुमार यादव, टानूराम नागेश, तोषण यादव, गोविंद ध्रुव, कृष्णा साहू, द्रोणकुमार, राजेंद्र ध्रुव, भरत साहू, कुणाल साहू, ननकू साहू, रोहित साहू, ग्राम पटेल झनकेश्वर साहू सहित महिलाएं उपस्थित थीं।

# भाजपाइयों ने किया दीनदयाल उपाध्याय को याद

**मगरलोड।** भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य नरेश अग्रवाल, भाजपा मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, भाजपा मंडल महामंत्री नंदनी सिन्हा, सभापति जनपद सदस्य कृष्णा ध्रुव, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री भानुप्रिया साहू, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, पूर्व पार्षद झामीत सिन्हा, पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधा साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, पार्षद विदम चौहान, पार्षद अशोक साहू, तिलक साहू उपस्थित थे।










